प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
ई–मेल : complain.peb@mp.gov.in वेबसाईट : www.peb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट
(पी.ए.टी.)–2021

बी.एससी.(कृषि), बी.एससी.(उद्यानिकी),
बी.एससी.(वानिकी) एवं बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी)
पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	:	08 दिसम्बर, 2021
परीक्षा परिणाम तिथि	:	17 जनवरी, 2022

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी बोर्ड की
वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

16/01/22

16/1/22

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (पी.ए.टी.)–2021 का परीक्षा परिणाम

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा दिनांक 08 दिसम्बर 2021 को मध्यप्रदेश के 09 परीक्षा शहरों में प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (पी.ए.टी.)–2021 प्रवेश परीक्षा (ऑनलाईन परीक्षा) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालयों में बी.एससी.(कृषि), बी.एससी.(उद्यानिकी), बी.एससी.(वानिकी) एवं बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा।

2. इस परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों तथा परीक्षा शहरवार एवं श्रेणीवार आवेदकों व परीक्षा सम्मिलित अभ्यर्थियों की जानकारी **परिशिष्ट–1** में संलग्न है।

3. परीक्षा उपरांत अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

4. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारियों एवं नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए पाठ्यक्रम एवं परीक्षा विषय विकल्प के आधार पर बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) तथा बी.एससी.(कृषि)/बी.एससी.(उद्यानिकी)/बी.एससी.(वानिकी) हेतु पृथक–पथक श्रेणीवार/संवर्गवार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है। समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को नियमपुस्तिका में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वरीयता देते हुए मेरिटक्रम निर्धारित किया गया है।

5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी ।

7. नियमपुस्तिका अनुसार "अंतिम उत्तर" तथा "परीक्षा परिणाम" पी.ई.बी. की वेबसाईट www.peb.mp.gov.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 17/02/2022

16/1/22

16/1/22

(डॉ0 ए0 हेमलता)
प्रभारी नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल